# सार्वजनिक सूचना
## वन विभाग हिमाचल प्रदेश
## धर्मशाला वन वृत में वन रक्षकों की अनुबन्ध आधार पर भर्ती

हिमाचल प्रदेश वन विभाग के धर्मशाला वन वृत के अन्तर्गत अनुबन्ध आधार पर वन रक्षकों के कुल 18 (अचयन/Non selection) पदों के लिये सीधी भर्ती हेतु नीचे दिये गये निर्धारित प्रपत्र पर आवेदन पत्र आमन्त्रित किए जाते हैं । अनुबन्ध के आधार पर वन रक्षकों की भर्ती सरकार द्वारा जारी अधिसूचना संख्या एफ एफ ई–ए (बी) 2–23/2010 दिनांक 20.09.2014,एफ एफ ई–ए (बी) 2–23/2010–1 दिनांक 08.07.2016 (प्रथम संशोधन) और एफ एफ ई–ए (बी) 2–8/2017 दिनांक 26.08.2017 (द्वितीय संशोधन) के आधार पर की जा रही है। यह भर्ती खुली है और वन वृत स्तर पर की जा रही है। अभ्यार्थी का नाम हिमाचल प्रदेश में किसी भी रोजगार कार्यालय/उप–रोजगार कार्यालय में पंजीकृत होना चाहिए। हिमाचल प्रदेश सरकार, श्रम एवं रोजगार विभाग के कार्यालय ज्ञापन संख्या श्रम (एफ) 16–5/93 दिनांक 9 मार्च, 2000 में अंतर्दिष्ट अनुदेशों के अनुसरण में, रोजगार कार्यालय/उप रोजगार कार्यालयों को रिक्तियां अधिसूचित करने के अतिरिक्त खुले आवेदन भी आंमत्रित किए जा रहें हैं।

अनुबन्ध के आधार पर नियुक्त वन रक्षकों को 5910+ 2000 ग्रेड पे + 125 प्रतिशत ग्रेड पे का मासिक वेतन दिया जाएगा । चयनित उम्मीदवार को अनुबंध के आधार पर प्रारम्भ में एक वर्ष के लिए नियुक्त किया जाएगा जिसका वर्षानुवर्ष नवीनकरण/अवधि विस्तार, वर्ष के दौरान संतोषजनक सेवा और आचरण सम्वन्धित अरण्यपाल द्वारा प्रमाणित करने के उपरान्त किया जाएगा। यदि अनुवंध में एक वर्ष या उससे अधिक की वढ़ौतरी की जाती है तो पश्चातवर्ती वर्ष/वर्षों के लिए अनुवंध राशी में सेवा नियमानुसार तीन प्रतिशत जो मु0 237/– रू0 है, की वार्षिक वृद्धि देने का प्रावधान है।

वन रक्षक का पद वृत स्तरीय संवर्ग का है। नवनियुक्त वन रक्षकों की पहली तैनाती जनजातीय/दुर्गम क्षेत्रों में पद उपलब्धता के आधार पर की जा सकती है। प्रार्थी का वन वृत पहले दस वर्ष की सेवा अवधि के दौरान बदला नहीं जाएगा व उसके वाद भी वृत वरिष्ठता गंवाए विना नहीं बदला जाएगा। यदि आवेदक वन विभाग में भर्ती होने का इच्छुक हो और निर्धारित शर्तें एवं योग्यता पूरी करता हो तो वह इस विज्ञापन के प्रकाषित होने के बाद आन लाइन विभाग की वैव साइट पर "http://forp.hp.gov.in" आवेदन कर सकता है। इसके अतिरिक्त निर्धारित प्रपत्र पर कम से कम दो दूरभाष नम्बरों सहित अपना आवेदन पत्र वन वृत कार्यालय धर्मशाला में डाक द्वारा भेज सकता है या व्यक्तिगत रूप से जमा करवा सकता है । जो अभ्यर्थी आनलाईन आवेदन करेगें उनकी व्यक्तिगत ई–मेल आई डीव मोबाईल नम्बर आवेदन में दर्ज करना जरूरी है।

नोटः– **अभ्यार्थी केवल आनलाईन या आफलाईन (ड़ाक या व्यक्तिगत) एक ही माध्यम से आवेदन कर सकता है जो अभ्यार्थी आनलाईन व आफलाईन दोनों तरह से आवेदन करेगें उनका आवेदन बिना किसी कारण बताए रद कर दिया जाएगा और वह इस भर्ती हेतु पात्र नहीं होगा।**

आवेदन पत्र प्राप्ति की अन्तिम तिथि 08.11.2019 को सांय पांच बजे तक होगी । जनजातीय/दुर्गम क्षेत्रों के उम्मीदवारों को डाक द्वारा आवेदन हेतू लागू नियमानुसार 7 दिनों का अतिरिक्त समय दिया जाएगा व आवेदन पत्र प्राप्ति की अन्तिम तिथि 15.11.2019 को सांय पांच बजे तक होगी। जो पद भूतपूर्व सैनिकों के लिए आरक्षित हैं वे भूतपूर्व सैनिक कल्याण बोर्ड के माध्यम से ही भरे जाएंगे जिसके लिए पा्त्र उम्मीदवारों के नामांकन भूतपूर्व सैनिक बोर्ड हमीरपुर से आमंत्रित किए जा रहे हैं। धर्मशाला वन वृत के 18 पदों का श्रेणीवार ब्योरा निम्नलिखित है :–

| क्र0 सं0 | श्रेणी | अनारक्षित | आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग। | गृह रक्षक | स्वतंत्रता सेनानियों के बच्चे | भूतपूर्व सैनिक | खिलाड़ी | आई0 आर0 डी0 पी0 | कुल योग |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | सामान्य | 7 | 2 | 2 | 0 | 1 | 0 | 0 | 12 |
| 2 | अनुसूचित जाति | 2 | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | 3 |
| 3 | अन्य पिछड़ा वर्ग | 3 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 3 |
| 4 | अनुसूचित जन जाति | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| | योग | 12 | 2 | 2 | 0 | 2 | 0 | 0 | 18 |

**यदि आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग में उपयुक्त उम्मीदवार उपलब्ल नहीं होता है तो पद स्वयतः रूप से अनारक्षित माना जाएगा और अनारक्षित श्रेणी के साधारण उम्मीदवार से भरा जाएगा। यदि कोई वी0पी0एल0 उम्मीदवार आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग श्रेणी में आवेदन करता है तो उसे खंड विकास अधिकारी द्वारा जारी किया गया वैध वी0पी0एल0 प्रमाण पत्र और सक्षम अधिकारी द्वारा जारी किया गया गैर SC/ST/OBC** प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। **आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के श्रेणी के उम्मीदवार के लिए अन्य शर्तें एवं नियम हिमाचल प्रदेश सरकार के पत्र संख्या PER(AP)-C-B(12)-1/2019 dated 11.06.2019 द्वारा जारी किए गए हैं के अनुसार पूर्ण करनी होगीं।**

**I.** पात्रता की आवश्यक शर्ते एवं योग्यतायें :–

क) अभ्यर्थी **भारत** का स्थाई निवासी होना चाहिए ।

ख) आवेदक का नाम हिमाचल प्रदेश के किसी भी रोजगार कार्यालय में पंजीकृत होना अनिवार्य हैं और उसके पास आवेदन करने से पहले वैध पंजीकरण प्रमाण पत्र होना चाहिए। जिस आवेदक की पंजीकरण की समय अवधि आवेदन करने से पहले समाप्त हो गई हो उसके आवेदन पत्र को रद्द कर दिया जाएगा और वह इस पद के लिए पात्र नहीं होगा।

ग) आवेदक की आयु 1 जनवरी 2019 को 18 वर्ष से कम और 30 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए।

**नोटः–** अनुसूचित जाति/अनुसूचित जन जाति/अन्य पिछडे वर्गों के उम्मीदवारों के लिए नियमानुसार अधिकतम आयु सीमा में 5 वर्ष की छूट होगी।

घ) आवेदक ने किसी भी मान्यता प्राप्त शिक्षा बोर्ड से 10+2 की परीक्षा उत्तीर्ण की हो या इसके समकक्ष परीक्षा पास की हो।

**ड़) न्यूनतम शारीरिक मापदण्डः–**

| क्र0 सं0 | मापदण्ड | पुरूष | महिला |
|---|---|---|---|
| 1 | ऊंचाई ( कद) | 165 सैं0मी0 | 150 सैं0मी0 |
| 2 | छाती (क) बिना फुलाए | 79 सैं0मी0 | 74 सैं0मी0 |
| | (ख) फुलाकर | 84 सैं0मी0 | 79 सैं0मी0 |

नोटः– अनुसूचित जनजाति के आवेदकों को ऊंचाई ( कद्र) में 5 सैं0मी0 और छाती के माप में 4 सैं0मी0 की छूट होगी ।

**II.** भर्ती प्रकिया में निम्नलिखित तीन परीक्षण विभिन्न चरणों में होंगे।

| कमांक | परीक्षण | निर्धारित अंक |
|---|---|---|
| 1 | शारीरिक दक्षता | निर्धारित शारीरिक दक्षता परीक्षण न्यूनतम मापदंडों के साथ पास करना होगा। जिसका व्यौरा नीचे दिया गाया है। |
| 2 | लिखित परीक्षा | 85 |
| 3 | प्रमाण पत्रों का मुल्यांकन | 15 |
| | कुल योग | 100 |

1. **शारीरिक दक्षता परीक्षण** (Physical Efficiency Test):- वे उम्मीदवार जो न्यूनतम शारीरिक मापदंड पूर्ण करते हों उनका निर्धारित शारीरिक दक्षता परीक्षण निम्न तालिका अनुसार किया जाएगा। शारीरिक दक्षता परीक्षण की वीडियोग्राफी अनिवार्य़ है।

**पुरूष अभ्यर्थियों के लिए**

| कं0 सं0 | मद | न्यूनतम मापदंड |
|---|---|---|
| 1 | 100 मीटर की दौड़ | 14 सैकेण्ड (कोई अतिरिक्त मौका नहीं दिया जाएगा) |
| 2 | 800 मीटर की दौड़ | 2 मिनट 45 सैकेण्ड (कोई अतिरिक्त अवसर नहीं दिया जाएगा) |
| 3 | उॅची कूद | 1.25 मीटर (अधिकतम तीन अवसर प्रदान किए जाएंगें ) |
| 4 | लम्बी कूद (ब्राड जम्प) | 4 मीटर (अधिकतम तीन अवसर दिए जाएंगें ) |

**महिला वर्ग के लिए**

| कं0 सं0 | मद | न्यूनतम मापदंड |
|---|---|---|
| 1. | 100 मीटर की दौड़ | 17 सैकेण्ड (कोई अतिरिक्त अवसर नहीं दिया जाएगा) |
| 2. | 800 मीटर की दौड़ | 4 मिनट 15 सैकेण्ड (कोई अतिरिक्त अवसर नहीं दिया जाएगा) |
| 3. | उॅची कूद | 1 मीटर (अधिकतम तीन अवसर दिए जाएंगें ) |
| 4. | लम्बी कूद (ब्राड जम्प) | 3 मीटर (अधिकतम तीन अवसर दिए जाएंगें ) |

2. वे उम्मीदवार जो शारीरिक दक्षता के सभी परीक्षणों में उत्तीर्ण होंगे, केवल उन्हें ही लिखित परीक्षा (Written Test) में बैठने का अवसर प्रदान किया जाएगा तथा लिखित परीक्षा की तिथि एवं स्थान बारे उन्हें शारीरिक दक्षता परीक्षण के उपरान्त सूचित किया जाएगा । लिखित परीक्षा राज्य के समस्त वन वृतों में एक ही दिन संचालित की जाएगी।

3. लिखित परीक्षा में 85 वस्तुनिष्ठ प्रश्न (objective type questions) होंगें जिनके उ़त्तर हेतु 75 मिनट का समय दिया जाएगा । ये दसवीं कक्षा के स्तर या इसके समकक्ष मानक का होगा और इसमें भाषा , सामान्य विज्ञान व ज्ञान, प्रदेश के प्रति जानकारी तथा सामान्य जंगलों के प्रति जागरूकता, वातावरण एवं वन्य प्राणी, reasoning and aptitude इत्यादिं प्रश्न शामिल होगें । उतर पुस्तिका पर इस्तेमाल करने हेतु प्रार्थी को नीली/काली स्याही का वॉल पैन व लिखने के लिए गत्ता लाना अनिवार्य होगा ।

4. **मूल्याकंनः** उपरोक्त पदो के लिए योग्यता सूची (Merit List) लिखित परीक्षा के अंको व नीचे दर्शाए गए प्रमाण पत्रों, जो की हिमाचल प्रदेश सरकार की अधिसूचना संख्या पीईआर (एपी. बी) बी (15)–5/2014 दिनांक **17.04.2017 व 25.04.2017** द्वारा अधिसूचित किए गए हैं, के आधार पर मूल्याकंन किया जाएगा। अतः उम्मीदवारों को निर्देश दिए जाते है कि वह नीचे दिए गए प्रमाण पत्रों की छाया प्रतियो को स्वयं सत्यापित करने के उपरान्त प्रार्थना पत्र के साथ अवश्य भेजें। प्रमाण पत्रों के आधार पर अंकों का विवरण निम्न प्रकार से है :–

| | | |
|---|---|---|
| 1 | न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता भर्ती एवं पदोन्नति नियम के अनुसार | अधिकतम 2.5 अंक |
| 2 | पिछड़ा क्षेत्र या पंचायत | 1 अंक |
| 3 | भूमिहीन परिवार/ऐसी परिवार जिनकी भूमि 1 हैक्टयर से कम हो (प्रमाण पत्र सम्बन्धित राजस्व अधिकारी) | 1 अंक |
| 4 | बेरोजगार प्रमाण पत्र कि अभ्यार्थी के परिवार का कोई भी सदस्य किसी भी सरकारी एवं अर्ध–सरकारी नौकरी में नहीं है। | 1 अंक |
| 5 | एन0एस0एस0/एन0सी0सी0/भारत स्काउट एवं गाइड राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में पदक विजेता | 1 अंक |
| 6 | बी0पी0एल0 परिवार जिनकी वार्षिक आय 40000/– हजार रूपये से कम या सरकार द्वारा समय–समय पर तय । | 2 अंक |
| 7 | विधवा/तलाकशुदा/जरुरत मंद/एकल महिला | 1 अंक |
| 8 | एकल पुत्री/अनाथ | 1 अंक |
| 9 | सम्बन्धित क्षेत्र में 6 माह का प्रशिक्षण जो कि मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से हो। | 1 अंक |
| 10 | सम्बन्धित क्षेत्र में सरकारी एवं अर्ध–सरकारी संस्थान से कम से कम 1 वर्ष और अधिकतम 5 वर्ष का अनुभव (प्रत्येक पूर्ण वर्ष के लिए 0.5 अंक)। | अधिकतम 2.5 अंक |

IV **आवेदकों के लिए आवशयक सूचना एवं निर्देशः–**

1) ऑफलाईन आवेदन पत्र नीचे दिए गए निर्धारित प्रपत्र पर जोकि अच्छे सफेद कागज पर टाईप या छपा हो या स्वच्छ लिखित हों एवं उम्मीदवार द्वारा स्वयं भरा होना चाहिए ।
2) आवेदन पत्र में प्रविष्टियां हिंदी अथवा अंग्रेजी भाषा में ही स्वीकार्य होंगी।
3) आवेदन पत्र भरकर अरण्यपाल वन वृत धर्मशाला कों भेजा जाए।
4) जो आवेदक ऑफलाईन आवेदन करेंगे उन्हें उनके आवेदन पत्रों की जांच के उपरान्त डाक व स्थानीय अखबारों के माध्यम से शारीरिक दक्षता परीक्षा के बारे सूचित किया जाएगा व जो आवेदक ऑनलाईन आवेदन करेंगं उन्हें ऑनलाईन ही सूचित किया जाएगा।
5) अंतिम तिथि के उपरांत प्राप्त आवेदन पत्रों पर कोई विचार नही किया जाएगा।
6) **आवेदक के हस्ताक्षर एवं दूरभाष नम्बर के विना प्राप्त आवेदन पत्र रद्द कर दिये जाएगें।**
7) **यदि कोई आवेदन पत्र आधा अधूरा प्राप्त होता है तो उसे भी रद्द कर दिया जाएगा ।**
8) यदि शारीरिक दक्षता परीक्षण एवं व्यक्तिगत परीक्षा की प्रकिया निर्धारित तिथि को पूर्ण नहीं होती है तो वह अगले दिन भी जारी रहेगी।
9) आवेदक शारीरिक दक्षता परीक्षा के समय निम्नलिखित दस्तावेज मूलरूप में अपने साथ अवश्य लाएः–

क) दसवीं एवं 10+2 कक्षा का पास प्रमाण पत्र तथा अन्य शैक्षणिक योग्यता प्रमाण पत्र।

ख) **आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के श्रेणी के उम्मीदवार, को हिमाचल प्रदेश सरकार के पत्र संख्या PER(AP)-C-B(12)-1/2019 dated 11.06.2019 द्वारा जारी की गई शर्तों एवं नियमों के अनुसार सक्षम अधिकारी द्वारा जारी प्रमाण पत्रों की छायाप्रतियां सलंग्न करना अनिवार्य होगा।**

ग) अनुसूचित जाति/अनुसूचित जन जाति/अन्य पिछडा वर्ग व स्वतन्त्रता सैनानियो के बच्चों/पौत्र/ पौत्री/आई0 आर0 डी0 पी0/अन्त्योदय का नवीनतम प्रमाण पत्र ।
एन0 सी0 सी 0/एन0 एस0 एस0/खेल, अन्य पाठ्य सहायक क्रियांओं में भाग लेने इत्यादि से सम्बधित प्रमाण पत्र ।

घ) रोजगार कार्यालय में पंजीकर्ण का वैध प्रमाण पत्र (Employment Registration Card)।

ड़) पिछड़ा क्षेत्र या पंचायत, भूमिहीन परिवार/ऐसे परिवार जिनकी भूमि 1 हैक्टयर से कम हो, बेरोजगार प्रमाण पत्र कि अभ्यर्थी के परिवार का कोई भी सदस्य किसी भी सरकारी एवं अर्ध–सरकारी नौकरी में नहीं है, बी0पी0एल0 परिवार जिनकी वार्षिक आय 40000/– (चालीस हजार रूपये) से कम या सरकार द्वारा समय–समय पर तय, विधवा/तलाकशुदा/जरुरत मंद/एकल महिला, एकल पुत्री/अनाथ, सम्बन्धित क्षेत्र में 6 माह का प्रशिक्षण जो कि मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से हो, सम्बन्धित क्षेत्र में सरकारी एवं अर्द्व–सरकारी संस्थान से कम से कम 1 वर्ष और अधिकतम 5 वर्ष का अनुभव प्रमाण पत्र।

10) यदि प्रार्थी किसी भी परीक्षण के लिए निर्धारित तिथियों को निर्धारित समय एवं स्थान पर उपस्थित नहीं होता है तो उसकी उम्मीदवारी रद्द समझी जाएगी।

11) सक्षम प्राधिकारी बिना कोई कारण बताएं/बिना शर्त इस चयन प्रक्रिया को समाप्त करने तथा पदों की संख्या में बदलाव करने का अधिकार रखता है ।

12) अनुबंध पर नियुक्त अभ्यर्थी को किसी भी दशा में सेवा में नियमितीकरण का कोई अधिकार प्रदान नहीं होगा ।

13) एक खाली लिफाफा जिस पर प्रार्थी का नाम एवं पूरा पता लिखा हुआ हो व 5 रू की डाक टिकट लगी हो साथ में सलंग्ति करें ताकि शारीरिक दक्षता की तारीख के बारे में प्रार्थी को सूचित किया जा सके ।

14) जब अभ्यार्थी शारीरिक दक्षता परीक्षण हेतू बुलाए जाएंगे उस समय वह नवीनतम पासपोर्ट साईज फोटो की 4 प्रतियां अपने साथ अवश्य लाएं ।

15) जिन अभ्यर्थियों का आवेदन पत्र डाक द्वारा या किसी अन्य कारण से निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त होता है तो वह मान्य नहीं होगा। डाक देरी के लिए वन विभाग जिम्मेवार नहीं होगा।

**आवेदक आवेदन भेजने से पहले उपरोक्त शर्तों एवं पूर्ण विज्ञापन का अवलोकन करें।**

भर्ती की प्रक्रिया हिमाचल प्रदेश के सभी वन एवं वन्य प्राणी वृतों में हो रही है अतः निवेदकों को सुझाव दिया जाता है कि वह अपने नज़दीकी वन/वन्य प्राणी के केवल एक ही वृत में आवेदन करें।

अन्य जानकारी के लिए अरण्यपाल धर्मशाला वन वृत कार्यालय के 01892-224959 एवं 01892–228029 दूरभाष नम्बरों पर सम्पर्क कर सकते हैं।

अरण्यपाल
धर्मशाला वन वृत।

फार्म न0............................
(केवल कार्यालय प्रयोग हेतू )

**वन विभाग हिमाचल प्रदेश**
**वन वृत धर्मशाला**
**अनुबन्ध के आधार पर वन रक्षक की भर्ती के लिए आवेदन पत्र**
**भाग -1**
**(आवेदक का विवरण)**

Affix latest passport size photograph duly signed

| | | |
|---|---|---|
| 1 | आवेदक का पूरा नाम | (हिन्दी में)......................................................<br>(अंग्रेजी में)...................................................... |
| 2 | पिता /पति का नाम | ...................................................................... |
| 3 | स्थाई पता पिन कोड सहित | ......................................................................<br>...................................................................... |
| 4 | क) पत्राचार हेतू पता पिन कोड सहित<br>ख) दो दूरभाष मोवाईल न0 | ......................................................................<br>......................................................................<br>1. ..............................................2.............................................. |
| 5 | पहचान चिन्ह | |
| 6 | आवेदक किस श्रेणी से सम्वन्ध रखता है<br>क) साधारण / अनुसूचित जाति/अनुसूचित जन–जाति/अन्य पिछडा वर्ग<br>ख) आई0 आर0 डी0 पी0/ आर्थि रूप से कमजोर समान्य वर्ग / स्वतन्त्रता सेनानियों के बच्चों पौत्रों/पौत्री/प्रतिष्ठित खिलाडी इत्यादि<br>(वैध प्रमाण पत्र की सत्यापित प्रतियां संलग्न करें) | क) ......................<br>(लागू श्रेणी का नाम)<br>ख) ...................<br>(लागू श्रेणी का नाम) |
| 7 | जन्म तिथि (दसवीं प्रमाण पत्र के अनुसार)<br>क) अकों में<br>ख) शब्दों में<br>आयु दिनांक 01. 01. 2019 को<br>(प्रमाण पत्र की सत्यापित प्रति संलग्न करें) | तिथि / माह / वर्ष (boxes)<br>......................................................<br>........... वर्ष ......... माह ............दिन |
| 8 | शैक्षणिक योग्यता<br>1. दसबीं<br>2. बारहबीं<br>3. बी0 ए0/ बी0एस0सी0/बी0 कॉम<br>4. एम0ए0/एम0एस0सी0/एम0कॉम<br>5. अन्य (प्रमाण पत्र की सत्यापित प्रतियां संलग्न करें ) | (see table below) |
| 9 | क) रोजगार / उप रोजगार कार्यालय का नाम<br>ख ) पंजीकरण संख्या<br>(प्रमाण पत्र की सत्यापित प्रति संलग्न करें ) | ...............................................................<br>............................................................... |

| तिथि | | माह | | वर्ष | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | |

| पासवर्ष | कुल अंक | प्राप्त अंक | प्रतिषत |
|---|---|---|---|
| | | | |
| | | | |
| | | | |
| | | | |
| | | | |

मैं सत्यापित करता/करती हूं कि में वन रक्षक के पद की समस्त शर्तों एवं योग्यता को पूरा करता/करती हूँ। मेरी जानकारी के अनुसार उपरोक्त दी गई पूरी सूचना सही और विश्वसनीय है और यह कि मैनें हिमाचल प्रदेश के किसी अन्य वन वृत में वन रक्षक की भर्ती के लिए आवेदन नहीं किया है।

मैं समझता/समझती हूं कि यदि कोई उपरोक्त तथ्य गलत पाये जाते हैं तो मेरा/मेरी उम्मीदवारी अयोग्य घोषित की जा सकती है एवं किसी भी स्तर पर मेरे विरूद्व कानूनी कार्यवाई की जा सकती है।

स्थान ............................

तिथि..............................

उम्मीदवार के हस्ताक्षर

नोटः
1. प्रमाण पत्र का स्वयं सत्यापन मान्य होगा।
2. आवेदन पत्र प्राप्ति की अन्तिम तिथि 08.11.2019 को समय सांय पांच बजे तक होगी । जनजातीय/दुर्गम क्षेत्रों के उम्मीदवारों के लिए आवेदन पत्र की प्राप्ति की अन्तिम तिथि 15.11.2019 को समय सांय पांच बजे तक होगी।
3. एक खाली लिफाफा जिस पर प्रार्थी का नाम एवं पूरा पता लिखा हुआ हो व 5 रू की डाक टिकट लगी हो साथ संलगित करें।
4. प्रार्थी प्रार्थना पत्र के लिफाफे के उपर वन रक्षकों की भर्ती हेतू लिखें व निम्नलिखित पते पर भेजें।

अरण्यपाल, धर्मशाला वन वृत, धर्मशाला,
जिला कांगड़ा हि0प्र0 पिन–176215.